>

Title: Need to give special financial package to drought affected Bundelkhand Region.

श्री वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़): सभापति महोदय, मध्य प्रदेश का समूचा बुंदेलखंड जिसमें विशेष रूप से टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सागर, दमोह जिले और इससे लगे हुए उत्तर प्रदेश के हमीरपुर, बांदा, ललितपुर, झांसी और महोबा जिलों में कम वर्षा होने के कारण सूखे की स्थिति निर्मित हो गई है। सारे नदियां, तालाब और कुएं सूख गये हैं। हैंडपम्प और ट्यूबवैल का पानी नीचे चला गया है और किसानों के समक्ष बहुत गंभीर स्थिति निर्मित हो गई है। उनकी फसलें पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं। फलों की फसलें नष्ट हो गई हैं, सब्जियों की फसलें नष्ट हो गई हैं। इतना ही नहीं वहां पीने के पानी का इतना गंभीर संकट पैदा हो गया है कि अभी से गांवों में महिलाओं को दो-दो, तीन-तीन किलोमीटर दूर जाकर पीने के पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है। बुंदेलखंड में पिछले दस सालों में से नौ साल लगातार सूखा पड़ रहा है। इसके कारण वहां के किसान बहुत बड़े संकट के दौर से गुजर रहे हैं। केन्द्र सरकार के द्वारा बुंदेलखंड पैकेज के माध्यम से सहायता की बात कही जाती है। वहां कई नेताओं के दौरे भी हुए हैं। लेकिन वहां जो पूर्व से योजनाएं चल रही हैं और उन योजनाओं में जो पैसा दिया जा रहा है, उस सहायता को बुंदेलखंड पैकेज के माध्यम से जोड़ा जा रहा है।

अतः मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश का जो बुंदेलखंड इलाका है, वहां के सूखे की स्थिति को देखते हुए पेयजल के लिए अतिरिक्त सहायता और किसानों को संकट की स्थिति से उबारने के लिए विशेष आर्थिक सहायता दी जाए। मध्य प्रदेश को 25 हजार करोड़ रुपये की सहायता किसानों को इस संकट से उबारने के लिए दी जाए। इतना ही नहीं पेयजल के लिए भी विशेष प्रबंध केन्द्र सरकार के द्वारा किया जाना चाहिए। धन्यवाद।